हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, गुरुवार, मार्च 13, 2025

11 पानी को व्यर्थ न बहाने एवं तिलक होली खेलने की...


12 नकल के मामले मिलने वाले स्कूलों में नहीं बनेंगे...








## दादुनगरी में 'सुंदर' का खिला 'कमल'

### विजयी अन्य पार्षदों को भी अधिकारी ने प्रमाण पत्र सौंपे


बवानीखेड़ा। नवनिर्वाचित चेयरमैन को प्रमाण पत्र देते एसडीएम।

दीपक कुमार डुमड़ा ▶▶| बवानीखेड़ा

दादु नगरी में बुधवार को आए नपा के नतीजों में कमल का फूल खिल उठा। नप चेयरमैन उम्मीदवार सुंदर अत्री बवानीखेड़ा में कमल खिलाने में कामयाब हो गए। भाजपा के चुनाव चिंह पर चुनाव लड़ रहे सुंदर अत्री ने अपने प्रतिद्वंद्वी निर्दलीय प्रत्याशी पंकज मेहता को 1385 मतों के अंतर से हरा दिया। सुंदर अत्री को 5202 तथा पंकज मेहता को 3817 वोट मिले। वहीं तीसरे स्थान पर रहे तरूण राठौंड को 3428 वोट मिले। यहां यह बताते चले कि चेयरमैनी की दौड़ में 11 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा था।

बवानी खेड़ा के चेयरमैन के लिए कुल 13595 मत पोल हुए, जिनमें उम्मीदवारों को भाजपा प्रत्याशी सुंदर शर्मा को 5202, अजीत कुमर 136, तरूण राठौर को 3428, दिलबाग 426, पंकज 3817, महेश कुमार 68, मोहित यादव 182, रमेश कुमार 74, संजय कुमार 37, सतपाल 126, सतपाल मुंजाल 16, नोटा 83 शामिल हैं। इस दौरान एसडीएम महेश कुमार ने विजयी चेयरमैन सुंदर अत्री को प्रमाण पत्र सौंपा। इनसे पहले विजयी हुए अन्य पार्षदों को भी उक्त अधिकारी ने प्रमाण पत्र सौंपे।


पार्षद दीपक।


पार्षद किरण।

**विजेता पार्षद :** बवानी खेड़ा के वार्ड 1 से किरण ने 285 प्रथम, पूजा कुमारी 268 द्वितीय, वार्ड 2 से दीपक सैनी 357 प्रथम, मुकेश कुमार 279 द्वितीय, वार्ड 3 से अशोक कुमार 369 प्रथम, संदीप कुमार 152 द्वितीय, वार्ड 4 से रीनू 253 प्रथम, सतबीर 194 द्वितीय, वार्ड 5 से रिंकू 395 प्रथम, रेखा 286 द्वितीय, वार्ड 6 सेकविता 405 प्रथम, प्रियंका 362 द्वितीय, वार्ड 7 से राजबाला 531 प्रथम, दिनेश 481द्वितीय, वार्ड 8 बिमला 662 प्रथम, अंजलीरानी 578 द्वितीय, वार्ड 9 से सुमित्रा देवी 193 प्रथम, विष्णु 121 द्वितीय, वार्ड 10 से मनीष 255 प्रथम, सुमन 235 द्वितीय, वार्ड 11 बलराज 448 प्रथम, सुभाष सिंह 221 द्वितीय, वार्ड 12 पुष्पा 312 प्रथम, सुमन लता 280 द्वितीय, वार्ड 13 सुभाष चंद 474 प्रथम, गौरव हंस 311 द्वितीय, वार्ड 14 रेणू देवी 282 प्रथम, रीना देवी 227 द्वितीय, वार्ड 15 कमलेश 439 प्रथम, अमिता 385 द्वितीय, वार्ड 16 बसंती देवी 424 प्रथम, दयानंद 280 द्वितीय रहे।

### थ्हारा डाकिया बनके काम करूगा

बवानी खेड़ा के नवनियुक्त चेयरमैन सुंदर शर्मा ने जीत प्राप्त करते हुए बताया कि सीएम सैनी सहित प्रदेश के मंत्रियों ने उनकी विजय के लिए दमखम लगाया वहीं विधायक कपूर वाल्मीकि ने भी कोई कसर नहीं छोड़ी। सुंदर शर्मा ने जीत के बाद बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

## पूर्व मंत्री दलाल के करीबी प्रदीप तायल ने जमाया नगरपालिका अध्यक्ष पद की कुर्सी पर कब्जा


लोहारू में जीत का जशन मनाते हुए अध्यक्ष निर्वाचित हुए प्रदीप तायल व

- प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार राम भगत को 43 वोटों से हराया
- एक वोट के अंतर की जीत से अजय शर्मा पार्षद बने

**लोहारू।** लोहारू में नपा अध्यक्ष पद को लेकर दिलचस्प मुकाबला दिखा। पूर्व कृषि मंत्री जेपी दलाल के करीब बंटी तायल ने कड़े मुकाबले में अपने प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार रामभगत सोलंकी को महज 43 वोटों के अंतर से हराकर छिपे रुस्तम साबित हुए। प्रदीप उर्फ बंटी तायल ने लगभग सभी वार्डों से अच्छा प्रदर्शन करते हुए 1459 वोट हासिल किए। वहीं रामभगत सौलंकी को 1416 वोटों पर ही संतोष करना पड़ा। शहर के रानी झांसी लक्ष्मीबाई राजकीय बहुतकनीकी कॉलेज में नगर पालिका अध्यक्ष पद और 13 वार्डों के पार्षद पद के चुनावों की मतगणना की गई। हालांकि कई वार्डों के पार्षद पद के चुनावों में भी रोचक मुकाबले देखने को मिले तथा वार्ड न. 13 में अजय शर्मा द्वारा महज एक वोट से दर्ज की गई जीत की दिनभर शहर में चर्चा बनी रही। इसके अलावा वार्ड न. 7 से अशोक सैनी ने भी महज 9 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की। अध्यक्ष पद को लेकर 17 उम्मीदवार चुनाव मैदान में डटे हुए थे। उन्होंने बताया कि प्रदीप कुमार उर्फ बंटी तायल ने सर्वाधिक 1459 वोट हासिल करके 43 वोटों के अंतर से जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद हासिल किया है। इसके अलावा रामभगत सोलंकी ने 1416 वोट हासिल किए। इसके अलावा सुभाष सैनी ढाणी वाले ने 1034 वोट, पवन कुमार नायक ने 1026 वोट, देवी सिंह सोनी ने 1019 वोट, सुभाष चंद्र ने 849 वोट, राजकुमार महेंद्रगढिया ने 551 वोट हासिल किए। इसके अलावा समाज सेवी प्रदीप सैनी ने 303 वोट, रजत खुराना ने 232 वोट, महेश गांधी ने 146 वोट, संजय खंडेलवाल ने 128 वोट, आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सुरेश कुमार ने 126 वोट, कमल किशोर सैनी ने 115 वोट, महेंद्र सैनी ने 109 वोट, रामप्रकाश ने 91 वोट, मनजीत सैनी ने 57 वोट और रामसिंह कटारिया ने 42 वोट हासिल किए। यहीं नही नोटा पर भी 79 वोट पड़े।

## अफीम के आरोपी को 4 वर्ष कारावास व 50,000 जुर्माना

**भिवानी।** एडीशनल सेशन जज की अदालत ने 968 ग्राम गांजा व 170 ग्राम अफीम रखने के एक आरोपी को दोषी ठहराते हुए उसे 04 वर्ष की कारावास व 50,000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई है। जुर्माना अदा न करने की सूरत में आरोपी को अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 14 अक्तूबर 2019 को पुलिस ने एक व्यक्ति को नशीला पदार्थ गांजा व अफीम के साथ गिरफ्तार किया था। टीम द्वारा दी गई की शिकायत पर तत्परता से कार्रवाई करते हुए थाना शहर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा अंकित किया गया था। अदालत द्वारा आरोपी को दोषी पाया गया। पकड़े गए आरोपी अशोक उर्फ पिंकू पुत्र जतनपाल निवासी गोबिन्दपुरा को अदालत द्वारा दोषी ठहराते हुए उसे 04 वर्ष की कैद तथा 50,000 रुपए जुर्माना की सजा सुनाई गई। जुर्माना अदा न करने पर आरोपी को अतिरिक्त सजा के आदेश किए गए।



## खबर संक्षेप



### सनराइज वमा विद्यालय में मनाया होली का पर्व

**बवानी खेड़ा।** स्कूल सनराइज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में होली उत्सव बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल की कक्षा यूकेजी के छात्र लावण्या, सिया, मानवी, दिशू, चिराग, यशु, एवम् कक्षा एलकेजी के छात्र वंशु, अमरेंद्र, भव्या, भावेश, मनकृत, भव्या, रुद्र, वीर, प्रांशी, शगुन, दैविक, बहिद्रथ, तेजस्वी, सभी छात्रों ने रंगों के साथ खेला, गाने गाए, और नृत्य किया। स्कूल के प्राचार्य ललित शर्मा ने कहा कि होली का त्योहार हमें एकता, प्रेम और जीवन की रंगीनता की याद दिलाता है।

### बिना पानी तिलक होली खेलने का दिया संदेश

**भिवानी।** होली रंगों का ही नहीं, बल्कि भाईचारे एवं आपसी सौहार्द का सबसे बड़ा पर्व माना जाता हैं, जिसे पूरा भारत वर्ष बड़ी धूमधाम से मनाता है। इस पर्व पर हम सबको आपसी भेदभाव भूलाकर आपस में मिल जुलकर रहना चाहिए, ये बात वैश्य महाविद्यालय प्रांगण में मनाई गए तिलक होली समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने कही। उन्होंने कहा कि होली का पर्व बड़े ही परम्परागत तरीके से मनाते हैं, जिसमें सर्वधर्म के लोग मिलकर रंगोत्सव का आनंद उठाते हैं। इस तरह के आयोजन हमें भारतीय संस्कृति से अवगत करवाते हैं और वे देश, समाज व परिवार की उन्नति में खुशियों के रंग घोलते हैं। उन्होंने सभी स्टाफ सदस्यों, विद्यार्थियो एवं शहरवासियों को पानी की बर्बादी न करके तिलक होली खेलने का आह्वान किया।



### ट्रैक्टर पर दो लाख 15 हजार का जुर्माना लगाया

**भिवानी।** उपायुक्त एवं जिला टास्क फोर्स के अध्यक्ष महावीर कौशिक ने बताया कि अवैध खनन के मामले में टीम ने एक ट्रैक्टर को कब्जे में लिया गया है। ट्रैक्टर चालक पर दो लाख 15 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। उपायुक्त महावीर कौशिक ने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व खनन विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग के दिशा निर्देशानुसार अवैध खनन को लेकर जिला भिवानी में कड़ी निगरानी की जा रही है। वाहनों को दिन-रात चेक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो व खनन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा तोशाम के पास वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इस दौरान जमालपुर-हांसी रोड़ के पास मिट्टी से भरे हुए एक ट्रैक्टर को चेक किया गया। चेकिंग के दौरान पाया गया कि ट्रैक्टर चालक के पास ई-रवाना बिल नहीं है। ई-रवाना बिल न होने पर टीम ने ट्रैक्टर को अपने कब्जे में ले लिया और उसे हरियाणा रोडवेज तोशाम बस डिपो की वर्कशॉप में रखा गया है।

# एक वोट के अंतर की जीत से अजय शर्मा पार्षद बने

हरिभूमि न्यूज ▸▸| लोहारू


जीत के बाद मिले प्रमाण पत्र दिखाते नवनिर्वाचित पार्षद

लोहारू के 14 वार्डों में से 13 वार्ड में पार्षद पद के हुए चुनावों के परिणाम बुधवार सुबह घोषित कर दिए गए। वार्ड न. 4 से महेश कुमार पहले ही निर्विरोध पार्षद चुने जा चुके हैं जबकि 13 वार्ड में पार्षद पद के लिए 2 मार्च को चुनाव संपन्न हुए थे। 13 वार्डों के घोषित हुए चुनाव परिणामों में सबसे अधिक रोचक मुकाबला वार्ड न. एक में देखने को मिला।

जहां अजय शर्मा ने अपनी प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार अजय शर्मा को महज एक वोट के अंतर से शिकस्त दी। निर्वाचन अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड न. 13 में अजय शर्मा ने 271 वोट हासिल किए जबकि उनके प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार सुशील सैनी ने 270 वोट प्राप्त किए। उम्मीदवार रिक्की ने 193 वोट तथा महेंद्र सैनी ने महज 10 वोट हासिल किए। वार्ड न. 13 अजय शर्मा ने एक वोट के अंतर से जीत दर्ज की।

वार्ड न. एक से पूजा ने जीत दर्ज की पूजा ने 216 वोट और ममता ने 159 वोट किए। वार्ड न. 2 से सुनील सोलंकी ने 181 वोटों के अंतर से जीत दर्ज करते हुए 351 वोट और प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार रमन ने 170 वोट हासिल किए। वार्ड न. 3 से राजेश सैनी ने 428 वोट हासिल करते हुए 83 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की और सुरेंद्र शर्मा ने 335 वोट हासिल किए।

वार्ड न. 5 से संजू कुमारी ने 249 वोट और किरण कुमारी ने 235 वोट प्राप्त किए। वार्ड न. 6 से प्रीति ने 455 वोट, मोना देवी ने 421 वोट और पूजा ने 101 वोट प्राप्त किए। वार्ड न. 7 से अशोक सैनी ने 216 वोट, सुमेर सिंह ने 207 वोट और सुदेश ने 94 वोट प्राप्त किए। वार्ड न. 8 से संतालाल ने 281 वोट और ममता बाई ने 204 वोट हासिल किए। वार्ड न. 9 से रवि अग्रवाल ने 244 वोट, चेतन गोयल ने 165 वोट, सुनील कुमार ने 80 वोट और नवीन ने 38 वोट प्राप्त किए। वार्डन. 10 से जयसिंह सैनी ने 363 और संदीप ने 211 वोट हासिल किए।

**जमकर उड़ाया गुलाल**

वार्ड न. 11 से पूजा सैनी ने सर्वाधिक 185 वोटों के अंतर से जीत दर्ज करते हुए 390 वोट प्राप्त किए और प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार रूबी ने 205 वोट तथा आशा ने 154 वोट प्राप्त किए। वार्ड न. 12 से दिव्या सैनी ने 390 वोट प्राप्त करते हुए प्रतिद्वंद्वी ज्योति सैनी को 115 वोटों के अंतर से हराया। ज्योति सैनी को 275 वोट प्राप्त हुए। वार्ड न. 13 से अजय शर्मा ने 271 वोट, सुशील सैनी ने 270 वोट, रिक्की ने 193 वोट व महेंद्र सैनी 10 वोट और वार्ड न. 14 से अंतर ने 17 वोटों के अंतर से जीत दर्ज करते हुए 216 वोट प्राप्त किए और प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार वीर सिंह ने 199 वोट तथा रामप्रकाश ने 64 वोट हासिल किए। 14 मार्च को होली है लेकिन बुधवार को लोहारू में नपा चुनावों के परिणाम आने के बाद शहर के लोगों ने जीत पर खूब गुलाब उड़ाया।


बवानीखेड़ा। सुंदर अत्री की जीत के बाद मंगल गीत गाती महिलाएं।


बवानीखेड़ा। सुंदर अत्री की जीत के बाद मंगल गीत गाती महिलाएं।

## आदर्श स्कूल में विद्यार्थियों ने होली उत्सव मनाया

# विद्यार्थियों ने विद्यालय को रंग-बिरंगे फूलों, रंगोली व गुब्बारों से सजाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

बौंद स्थित आदर्श वमा विद्यालय प्ले-वे-विंग में बुधवार को होली उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया। स्कूल के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने एक साथ मिलकर होली के रंगों में सराबोर होकर भारतीय संस्कृति का उत्सव मनाया। विद्यालय का माहौल विशेष दिख रहा था, विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगे फूलों, रंगोली, गुब्बारों से सजाया गया। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय निदेशक प्रताप सिंह यादव के अभिभाषण से हुई। उन्होंने कहा कि होली न केवल रंगों का त्योहार है, बल्कि यह सौहार्द, भाईचारे और भारतीय संस्कृति का प्रतीक भी है। कक्षा नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने एक दूसरे को हर्बल गुलाल लगाकर 'होली खेले रे रघुवीरा' गाने पर नृत्य की बहुत शानदार प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कक्षा यूकेजी, पहली, दूसरी के छात्रों ने होली पर्व से संबंधित कविताएं, गीत, गानों की प्रस्तुति दी। कक्षा तीसरी के छात्रों ने विद्यालय प्रांगण में रंगोली बनाई। कक्षा चौथी व पांचवीं के छात्रों ने 'सुरक्षित होली खेलो' एक्ट की प्रस्तुति देकर सभी को चौंका दिया। बच्चों की कला को देखकर विद्यालय प्रांगण दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के साथ गूंज उठा। सभी बच्चे बहुत ज्यादा आकर्षक और सुंदर लग रहे थे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य कृष्णदत्त यादव व एनसीसी इंचार्ज सेकंड ऑफिसर कंवरसिंह ने बच्चों को होली पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि होली आपसी भाईचारे का प्रतीक है।


चरखी दादरी। रंग गुलाल से होली खेलते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**यह रहे मौजूद:** इस अवसर पर देवराज, कर्मजीत, लोकेश जांगडा, प्रमोद, कल्पना, अन्नु, प्रोमिला, रीना, ज्योति, नीलम भाट्टी, पिंकी, मंजू, कविता, भानवती, गीता, सविता, निकिता, रेखा, पूनम, प्रिया, रेणु, नेहा, ईना, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

## होली मिलन समारोह

# पानी को व्यर्थ न बहाने एवं तिलक होली खेलने की दिलवाई शपथ


भिवानी। होली मिलन समारोह में भाग लेते वूमैन हैल्पिंग सोसायटी के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

वूमैन हैल्पिंग सोसायटी ने दिनोद गेट स्थित लाल महादेव मंदिर परिसर में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर उपस्थित सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल व आबीर लगाकर होली पर्व की खुशियां सांझा की तथा नागरिकों को होली पर्व पर जल व्यर्थ न बहाने की अपील की। सोसायटी की संचालिका व प्रदेश अध्यक्षा सुशीला देवी सिंह ने कहा कि होली रंगों का त्योहार है, ये खुशी और हर्ष के साथ समरसता और एकजुटता को बढ़ावा देने वाला पर्व है। ये पर्व एकता एवं प्रेम को बढ़ावा देता है, इसीलिए इस पर्व को आपसी भाईचारा बढ़ाने के उद्देश्य के साथ तिलक लगाकर मनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजकल होली में केमिकल रंगों का अधिक उपयोग बढ़ रहा है, जिससे त्वचा और पर्यावरण को नुकसान पहुंचता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जन को जल की महत्ता को समझना होगा तथा पानी की बूंद-बूंद को व्यर्थ बहने से बचाना होगा। उन्होंने सभी को पानी को व्यर्थ न बहाने एवं तिलक होली खेलने की शपथ दिलाई। मौके पर दीपक, सरोज, कविता, ममता, मीना, रीमा, गीता, सोनिया, ममता अरोड़ा, निर्मल जैन, सुशील गोयत, पिंकी व सोनिया आदि मौजूद रही।


चरखी दादरी। बैठक के दौरान विरोध जताते कर्मचारी।

### पात्र कर्मचारियों को एलटीसी तुरंत प्रभाव से देने की मांग

**चरखी दादरी।** बुधवार को हरियाणा गर्वमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन संबंधित संयुक्त कर्मचारी संघ जिला कमेटी चरखी दादरी की बैठक जिला प्रधान जयप्रकाश पुनिया की अध्यक्षता में हुई। कार्यवाही का संचालन जिला सचिव राजेन्द्र सांगवान ने किया। बैठक में जिला कैशियर नितानन्द फौजी, बीएण्डआर के पुरुषोत्तम, विनोद कुमार, जीत सिंह सहरावत, ब्रांच कैशियर कृष्ण कुमार, पब्लिक हेल्थ के सचिव कर्मवीर सांगवान, कैशियर जयप्रकाश यादव, उपप्रधान शीला देवी, बाढ़ड़ा ब्रांच के प्रधान सुमित व पुरुषोत्तम शर्मा आदि उपस्थित रहे। जिला सचिव राजेन्द्र सांगवान ने ब्रांच पदाधिकारियों को सूचना दी कि 18 मार्च को अधीक्षक अभियन्ता जनस्वास्थ्य विभाग भिवानी अधीक्षक अभियन्ता बीएण्डआर भिवानी, अधीक्षक अभियन्ता सिंचाई विभाग भिवानी के कार्यालयों पर धरना दिया जाएगा। जिला प्रधान जयभगवान पुनिया ने 23 मार्च को हिसार में जनस्वास्थ्य मंत्री के आवास पर धरना प्रदर्शन करने के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

## दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में खेली फूलों की होली

- होली पर्व पर हर वर्ष बर्बाद होता लाखों लीटर पानी : उर्मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

कोट रोड स्थित दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में फूलों की होली खेलकर पानी बचाओ, जल बचाओ का संदेश दिया। मंदिर में भक्तों ने महाकाली के चरणों में प्राकृतिक फूल अर्पित किए और उन्हीं फूलों से होली खेली। इस विशेष आयोजन का नेतृत्व मंदिर प्रबंधक उर्मिला सैनी ने किया, जिन्होंने श्रद्धालुओं को रंगों और पानी की बजाय फूलों से होली खेलने का आग्रह किया। उर्मिला सैनी ने कहा कि हम सबको जल संरक्षण के प्रति जागरूक होना चाहिए। हर साल होली पर्व पर लाखों लीटर पानी बर्बाद होता है। हमने फूलों से होली खेलकर मिसाल पेश की है। यह न केवल पानी बचाने का एक सुंदर तरीका है, बल्कि पर्यावरण के लिए फायदेमंद है। मंदिर में श्रद्धालु एकत्रित हुए और सभी ने मिलकर महाकाली की आरती की, भजन-कीर्तन किया।


भिवानी। दक्षिण काली नवदुर्गा मंदिर में पूजन करते श्रद्धालु।

## खबर संक्षेप

### समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए शिविर

**भिवानी।** जिला परिषद सीईओ अजय चोपड़ा ने स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी। इस दौरान उन्होंने समाधान शिविर में पीआइडी यानी प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, सामाजिक पेंशन व आयुष्मान कार्ड आदि से संबंधित शिकायतें सुनी और समाधान के बारे में संबंधित अधिकारी को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि जिला और उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों को सुनकर उनका त्वरित समाधान किया जा रहा है।

### ग्रामीणों व जन संघर्ष समिति ने किया प्रदर्शन

**भिवानी।** जन संघर्ष समिति ने पूर्णपुरा गांव में पीने के पानी व पशुओं के लिए बनाए गए तालाब को नहरी पानी से भरवाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन पानी की मांग को लेकर जन संघर्ष समिति के संयोजक कामरेड ओमप्रकाश के नेतृत्व में किया गया। कामरेड ओमप्रकाश ने लोगों की समस्या के बारे में जानकारी ली। गांव के किसान मजदूरों ने बताया कि उनके गांव में पीने के पानी व पशुओं के लिए पानी का भंयकर संकट है और तालाब खाली पड़े हैं। इस संबंध में कही भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

### कर्मचारियों ने भरी हुंकार, पूरे प्रदेश में होंगे प्रदर्शन

**भिवानी।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन संबंधित हरियाणा संयुक्त कर्मचारी संघ शहरी व फील्ड ब्रांच की संयुक्त मीटिंग शहरी ब्रांच प्रधान जयकिशन शर्मा व फील्ड ब्रांच प्रधान आनंद श्योराण की संयुक्त अध्यक्षता में यूनियन कार्यालय में हुई। मीटिंग का संचालन ब्रांच शहरी ब्रांच के सचिव विजेंद्र परमार ने किया। शहरी व फील्ड ब्रांच के प्रधान जयकिशन शर्मा, आनंद श्योराण ने जिला यूनियन कार्यालय में गत 10 मार्च को हुई मीटिंग में उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित किया।

### समाधान शिविर का फायदा उठाएं : एसडीएम

**चरखी दादरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशों पर जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से लघु सचिवालय में जिला स्तरीय समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है। इसके साथ ही उपमंडल पर भी प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाता है। मुनीश शर्मा के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय समाधान शिविर में एसडीएम आशीष सांगवान ने नागरिकों की समस्याएं सुनी।

### कांस्य पदक विजेता रोहित का किया स्वागत

**भिवानी।** बीते 15 से 28 फरवरी तक आंध्र प्रदेश के काकीनाड़ा में हुई ऑल इंडिया सिविल सर्विस हॉकी प्रतियोगिता में हरियाणा की टीम ने उड़ीसा को हराकर कांस्य पदक हासिल किया था। प्रतियोगिता में लगातार दूसरी बार कांस्य पदक विजेता हरियाणा की टीम को लोकनिर्माण विभाग के कर्मचारी रोहित दहिया ने विजय दिलाने अहम भूमिका निभाई। पदक विजेता टीम के खिलाड़ी रोहित का भिवानी पहुंचने पर बुधवार को हांसी रोड स्थित बीएंडआर रेस्ट हाऊस में पहुंचने पर स्वागत किया।

### समाज में गंभीर स्वास्थ्य समस्या बन चुका धूम्रपान

**भिवानी।** विश्व धूम्रपान निषेध दिवस पर गेट स्वास्थ्य संगठन ढाणीमाहू एवं ह्यूमन राइट एंड एंटी करप्शन कौंसिल ने संयुक्त रूप से बुधवार को कोर्ट परिसर में जागरूकता अभियान चलाया। अधिवक्ताओं को धूम्रपान के दुष्प्रभावों और इससे होने वाले स्वास्थ्य जोखिमों के प्रति सचेत किया। अभियान के दौरान अधिवक्ताओं को संकल्प दिलाया कि वे खुद धूम्रपान से दूर रहेंगे तथा दूसरों को इसके दुष्परिणामों के बारे में जागरूक करेंगे। कार्यक्रम के अंत में अधिवक्ताओं ने धूम्रपान मुक्त समाज बनाने की शपथ ली। जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल से विशेष तौर पर पहुंची प्रीति के सहयोग से हुआ।

### प्रतियोगिता की विजेता पिंकी को किया सम्मानित

**भिवानी।** बीते दिनों दिल्ली में भारत विकास परिषद द्वारा करवाई गई भारत को जानों प्रतियोगिता में गांव कैरू में बाबा मुंगीपा एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स स्कूल की छात्रा पिंकी ने प्रथम स्कूल हासिल कर न केवल विद्यालय, बल्कि जिला व प्रदेश का नाम रोशन किया। पिंकी की उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर बतौर अतिथि डॉ. बीआर आंबेडकर यूथ संगठन के हरियाणा प्रदेश अध्यक्ष पवन मेहरा ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रमेश रंगा ने की। पिंकी को सम्मानित करते हुए पवन मेहरा ने कहा कि पिंकी ने अपनी प्रतिभा के दम पर अद्वितीय प्रदर्शन किया है, जिसके चलते वे अन्य छात्राओं के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनी है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे अपने बच्चों की रूचि को पहचानते हुए उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करें।

# भाईचारे का संदेश देता होली पर्व

- श्रीराम पब्लिक स्कूल कान्हड़ा में होली मिलन समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चरखी दादरी

कान्हड़ा गांव स्थित श्रीराम पब्लिक स्कूल में होली के पावन अवसर पर बच्चों ने अपने अध्यापकों के साथ रंगों भरा त्योहार हर्षोल्लास से मनाया। बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। संगीत की झंकार के बीच बच्चों ने रंग लगाना, फिर गुलाल उड़ाना, कुछ यही नजारा पूरे विद्यालय में दिखाई देने लगा। साथ ही बच्चों ने अपने अध्यापकों को भी गुलाल लगाकर उन्हें होली पर्व की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रसन्नतापूर्वक नाचते गाते हुए त्योहार को अच्छे से मनाया। विद्यालय प्राचार्य अमित जाखड़ ने सभी बच्चों व अध्यापकों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं दी। प्राचार्य ने बच्चों को बताया कि समय-समय पर आने वाले विभिन्न त्योहार भारतीय संस्कृति के परिचायक है, जो हमें आपसी प्रेम और भाईचारे का सन्देश देते है। सभी त्योहारों को हमें प्रसन्नतापूर्वक मनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि होली का नाम सुनते ही जहन में रंगों की महक सी घुल जाती है। होली पर्व को विभिन्न प्रकार के रंगों को विभिन्नता में एकता का प्रतीक बताया, जो हमें आपसी प्रेम, सहयोग और भाईचारे का संदेश देता है।


चरखी दादरी। होली पर्व मनाते विद्यार्थी।

## जिला स्तरीय प्रतियोगिता में लोहारी जाटू विद्यालय की नंदिनी ने पाया अहम स्थान

**बवानीखेड़ा।** लोहारी जाटू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छटी कक्षा में पढ़ने वाली नंदिनी ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रोल प्ले में प्रथम स्थान पाने पर स्वागत करते हुए

लोहारी जाटू के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की छटी कक्षा में पढ़ने वाली नंदिनी ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता में रोल प्ले में प्रथम स्थान पाकर विद्यालय एवं खंड का नाम रोषन किया। प्रतियोगिता भिवानी डीपीसी कार्यामय में आयोजित हुई जिसमें मॉडल मेकिंग, पोस्टर मेकिंग, रोल प्ले की प्रदर्शनियां लगाई गई जिसका अवलोकर जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा किया गया। लोहारी जाटू की 6टी कक्षा की नंदिनी ने रोल प्ले में प्रथम स्थान पाया। विद्यालय पहुंचने पर प्राचार्या पुष्पा जोशी व स्टाफ ने छात्रा का स्वागत किया और शुभकामनाएं देते हुए पुरस्कृत किया।




भिवानी। हिंदी में अनुवादित चार वेद भेंट करते

### श्रीहरियाणा शेखावटी ब्रह्मचार्य संस्कृत महाविद्यालय में हिंदी में अनुवादित चार वेद किए भेंट

भिवानी। विश्व हिंदू परिषद के 10 वर्षो के परिश्रम के बाद देश के वैदिक विद्वानों द्वारा हिंदी में अनुवाद किए चारों वेदों को प्रदेशभर के गुरूकुलों में पहुंचाने की कड़ी में विहिप के अंतर्राष्ट्रीय संरक्षक दिनेशचंद्र के संरक्षण तथा कार्यक्रम संयोजक दिनेश शास्त्री के नेतृत्व में बुधवार को श्रीहरियाणा शेखावटी ब्रह्मचार्य संस्कृत महाविद्यालय में हिंदी में अनुवादित चार वेद भेंट किए। संस्था के मुख्य प्रशासक श्रीभगवान वशिष्ठ व प्राचार्या सुमन शर्मा ने कहा कि वेद हमारी संस्कृति का मूल आधार है, वेदों से ही हमें अपने धर्म और सदाचर का ज्ञान मिलता है। उन्होंने कहा कि जिसे हम भारतीय संस्कृति के रूप में जानते है, वह मूल रूप से वेदों द्वारा निर्धारित सामाजिक मानदंडों और सांस्कृतिक ढांचों और वेदों में वर्णित विज्ञान और गणित में निहित है।

**आह्वान** युवाओं को नशे से बाहर निकालने को क्रांति की जरूरतः पहलवान बिजेंद्र

# आंखों से वजन उठा और दांतों से झूला झुला नशे से दूर रहने की दिलवाई शपथ

स्टील मैन ऑफ इंडिया हेल्थ एंड फिटनेस अकादमी में शक्ति प्रदर्शन किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

युवाओं को नशा व फास्ट फूड मुक्त बनाने के उद्देश्य से अखिल भारतीय युवा जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष पहलवान बिजेंद्र सिंह ने नशामुक्त भारत अभियान चलाया हुआ है, जिसके तहत वे विभिन्न स्थानों पर शक्ति प्रदर्शन के माध्यम से युवाओं को नशे व फास्ट फूड से दूर रहते है। देशी खान-पान अपनाकर स्वस्थ रहने बारे प्रेरित कर रहे है, जिसके तहत उन्होंने 100 शक्ति प्रदर्शन करने का लक्ष्य तय किया। इसी तय लक्ष्य की राह पर चलते हुए पहलवान बिजेंद्र सिंह ने बुधवार को मिनी बाइपास स्थित स्टील मैन ऑफ इंडिया हेल्थ एंड फिटनेस अकादमी में शक्ति प्रदर्शन किया। शक्ति प्रदर्शन के तहत बिजेंद्र सिंह ने आंखों से वजन उठाना, युवाओं को दांतों से झूला झुलाकर व युवाओं को दांतों से उठाकर दौड़ लगाई तथा संदेश दिया कि वे ताकतवर बनना चाहते है तो नशे को अलविदा कहना होगा। लोगों को नशे से दूर रहने व होली पर पानी व्यर्थ ना बहाने की शपथ भी दिलाई।


दांतों से रस्सी दबाकर युवती को झूला झुलाते पहलवान बिजेंद्र सिंह।

### देश व समाज की तरक्की में नशा बहुत बड़ी अचड़न

पहलवान बिजेंद्र सिंह ने कहा कि देश व समाज की तरक्की में नशा बहुत बड़ी अचड़न है तथा सामाजिक बुराई को खत्म करने के लिए सामाजिक क्रांति लानी होगी, ताकि युवा पीढ़ी नशे के अंधकार में अपने स्वर्णिम भविष्य को झोंके। उन्होंने कहा कि नशे के आदी होकर कई बार युवा अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त हो जाते है, जिसके बाद उनका तथा उनके परिजनों का भविष्य अंधकार में चला जाता है। इस अवसर पर पूनम, प्रांजल, भावना, अनु, लाली, सुरेश, बाला, वर्षा, मनीष, विकास, कमलेश, विकास अग्रवाल व वंशिका आदि मौजूद रहे।

## परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए बोर्ड प्रशासन सख्त

# छह पर्यवेक्षकों को ड्यूटी में कोताही बरतने के आरोप में किया रिलीव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

बुधवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की सीनियर सेकेंण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) सीनियर सेकेण्डरी (शैक्षिक/मुक्त विद्यालय) राजनीतिक शास्त्र विषय की परीक्षा में 89907 परीक्षार्थी तथा डी.एल.एड. (रि-अपीयर/मर्सी चांस) विषय की परीक्षा में 1207 छात्र-अध्यापक प्रविष्ट तथा नकल के 24 मामले दर्ज किए गए, जिसमें 01 केस प्रतिरूपण का शामिल है। ड्यूटी में कोताही बरतने पर प्रदेशभर से 06 पर्यवेक्षक ड्यूटी से रिलीव किए गए। बोर्ड अध्यक्ष प्रो.(डॉ.) पवन कुमार ने बताया कि उनके स्वयं के उडऩदस्ते द्वारा जिला-भिवानी के परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया, जहां परीक्षा सुव्यवस्थित संचालित हो रही थी। बोर्ड उपाध्यक्ष सतीश कुमार के उडऩदस्ते द्वारा जिला-जीन्द के उप-मण्डल नरवाना में विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया, जहां परीक्षा नकल रहित व शान्तिपूर्वक संचालित हो रही थी। बोर्ड सचिव डॉ. मुनीश नागपाल के उडऩदस्ते द्वारा जिला-सोनीपत व रोहतक के परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया तथा नकल के 02 मामले दर्ज किए। उन्होंने बताया कि सचिव उडऩदस्ता द्वारा परीक्षा केन्द्र रा.क.व.मा.वि. निंदाना-03 में कार्यरत पर्यवेक्षक बलजीत, प्रवक्ता हिन्दी, सरस्वती व.मा.वि, बहल्वा को ड्यूटी में कोताही बरतने के कारण कार्यभार मुक्त किया गया। परीक्षा केन्द्र रा.व.मा.वि., कथूरा-01(बी-1)पर नियुक्त पर्यवेक्षक अश्वनी, प्रवक्ता, शान्ति निकेतन व.मा.वि.,बनवासा ड्यूटी के प्रति लापरवाह पाए जाने पर कार्यभार मुक्त किया गया। इसके अतिरिक्त प्रमुख केन्द्र अधीक्षक राजीव कुमार प्रवक्ता वाणिज्य परीक्षा केन्द्र में उपस्थित पाए गए तथा लिपिक कक्ष में फोटो स्टेट मशीन पाई गई। केन्द्र पर सीसीटीवी की रिकार्डिग बन्द थी। बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों की अवेहलना पाए जाने पर प्रमुख केन्द्र अधीक्षक व पर्यवेक्षक के विरूद्ध उचित कार्यवाही करने के लिए शिक्षा विभाग को लिखा जा रहा है।

उन्होंने बताया कि उप-मण्डल प्रश्न-पत्र फिरोजपुर झिरका द्वारा परीक्षा केन्द्र सैनी शिक्षा निकेतन स्कूल,करहेड़ा से पर्यवेक्षक अब्दुल फारूख,टीजीटी, रा.व.मा.वि.,बसई खानजदा व सुबेदीन, जेबीटी, मेवात मॉडल व.मा.वि.,नगीना को उनके कक्ष में 06 अनुचित साधन प्रयोग के केस दर्ज होने के कारण ड्यूटी से कार्यभार मुक्त कर दिया गया।

### प्रो. पवन कुमार के नेतृत्व में शिक्षा स्तर में नई ऊंचाइयां छुएगा शिक्षा बोर्ड : शास्त्री

**भिवानी।** पिछले लंबे समय से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन पद रिक्त पड़ा था, जिसके चलते शिक्षा बोर्ड संबंधी कई अहम कार्य अटके पड़े थे, लेकिन अब प्रो. डा. पवन कुमार द्वारा बोर्ड चेयरमैन का पदभार संभालने के बाद उन अटके हुए कार्यो को गति मिलेगी, जिसके चलते हरियाणा प्रदेश में शिक्षा का स्तर और अधिक सुधारेगा। यह बात सुनील शास्त्री व डा. मुरलीधर शास्त्री ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त चेयरमैन प्रो. डा. पवन कुमार का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए कही। सुनील शास्त्री व डा. मुरलीधर शास्त्री ने कहा कि शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन का पद रिक्त होने से शिक्षा संबंधी बहुत से कार्यो में काफी अड़चने आ रही थी, लेकिन अब वो सभी अड़चने दूर होगी। उन्होंने कहा कि प्रो. डा. पवन कुमार पहले भी हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने संयुक्त सचिव के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके है, ऐसे में उन्हे शिक्षा बोर्ड के कार्या को खासा अनुभव है।

## नकल के मामले मिलने वाले स्कूलों में नहीं बनेंगे सेंटर

- चेयरमैन शर्मा बोले : नकल को जड़ मूल से खत्म किया जाएगा



भिवानी। पत्रकारों से बातचीत करते चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा।

**भिवानी।** बुधवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा ने कहा कि दसवीं, बारहवीं की परीक्षाओं में जिन स्कूलों में बने परीक्षा केंद्रों में नकल के ज्यादा मामले मिले। उन स्कूलों को भविष्य में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाएगा। हालांकि उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि परीक्षा केंद्र में कितने नकल के मामले मिलने के बाद यह निर्देश लागू होगा,लेकिन यह नई व्यवस्था शिक्षा बोर्ड अगली परीक्षा सत्र से ही शुरू करने जा रहा है। चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा ने कहा कि सरकार व बोर्ड प्रशासन किसी भी सूरत में परीक्षाओं में नकल नहीं होने देगा। वहां के मुखिया या जो कर्मचारी डयूटी पर और उनकी संलिप्ता मिली तो उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वे शिक्षा बोर्ड परिसर में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया कि वे सीएम नायब सैनी से मिले थे।

### अलग से जारी होगा परीक्षाओं का शैडयूल

चेयरमैन डॉ. पवन शर्मा ने बताया कि जो परीक्षा किन्हीं कारणों से रद्द की गई है। उन विषय की परीक्षाओं का आयोजन करवाया जाएगा। पहले जो परीक्षाएं चल रही है। उनको पूरा करवाया जाएगा और उसके रद्द हुई परीक्षाओं का नए सिरे से शैडयूल बनाया जाएगा और वे सारी परीक्षाएं आयोजित होंगी। एचटेट की परीक्षा के बारे में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि अभी सेंकेडरी व सीनियर सेंकेडरी की परीक्षाएं चल रही है। इन परीक्षाओं को सम्पन करवाया जाएगा। साथ ही एचटेट की परीक्षा के आयोजन को लेकर भी जानकारी दी।

## जिले में अवैध निर्माणों पर चला पीला पंजा



अवैध निर्माण को ढहाती जेसीबी।

**भिवानी।** उपायुक्त महावीर कौशिक ने कहा कि जिला में अवैध निर्माण करने का किसी को अधिकार नही है। इसी कड़ी में नगर योजनाकार विभाग द्वारा मौजा भिवानी जोनपाल में गुजरानी माईनर के पास साढ़े छह एकड़ से व तोशाम चौक से भिवानी-लो हा रू बाईपास से 1.5 एकड़ से अवैध निर्माण को हटाने का अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान जेसीबी से चारदीवारी, कच्चे रोड़, डीपीसी व डिमार्केशन आदि अवैध निर्माण को तोड़ा गया। उपायुक्त ने बताया कि अवैध निर्माण हटाओ अभियान के तहत विभाग द्वारा जिला के गुजरानी माईनर के पास साढ़े छह एकड़ में फैली चार अवैध कॉलोनियों से 62 डीपीसी, एक चार दीवारी, दो अवैध निर्माण, तीन बिजली के खंभे तथा तोशाम चौक से भिवानी-लोहारू बाईपास पर 1.5 एकड़ अवैध कॉलोनी में तोड़फोड़ की गई।

### अवैध खनन पर प्रशासन अलर्ट, वाहनों को जांचा

**चरखी दादरी।** हरियाणा सरकार अवैध खनन के खिलाफ कड़े कदम उठा रही है और खनन विभाग लगातार इस पर नजर बनाए हुए है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के निर्देशानुसार विभाग के महानिदेशक केएम पांडुरंग खुद खनन विभाग की गतिविधियों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। सरकार का मुख्य लक्ष्य खनन प्रक्रिया को पूरी तरह पारदर्शी बनाना और अवैध खनन को खत्म करना है।




**सार्वजनिक सूचना**

[illegible]

प्राचार्या

## पालुवास स्कूल के दो विद्यार्थी जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम



**भिवानी।** समग्र शिक्षा के अंतर्गत डीपीसी कार्यलय में हुई जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में राजकीय वमा विद्यालय पालुवास के दो विद्यार्थियों ने जिलेभर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के विज्ञान अध्यापक संदीप वधवा ने बताया की जिलेभर से विभिन्न प्रतिभागी अपने विभिन्न मॉडल लेकर सीमेट कार्यालय में आए थे, जिसमें पालुवास स्कूल के आठवीं कक्षा के दीप सिंह ने ट्रांसपोर्ट और कम्युनिकेशन में भारत द्वारा छोड़े गए चंद्रयान का बहुत ही सुंदर मॉडल बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसकी न केवल जजों ने बल्कि जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रशंसा की। इसके अतिरिक्त पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में आठवीं की हिमांशी ने रिसोर्स मैनेजमेंट में बहुत ही सुंदर पोस्टर बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। दोनों बच्चों को जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष भारद्वाज ने प्रमाण पत्र देखकर सम्मानित किया। विद्यालय में विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विज्ञान अध्यापक संदीप वधवा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दोनों बच्चे आने वाले भविष्य में न केवल विद्यालय का बल्कि अपने परिवार का भी नाम रोशन करेंगे। प्राचार्य राजकुमार शर्मा ने बच्चों को आशीर्वाद दिया।

# पीड़ित छात्रा के पक्ष में उतरे संगठन

- आरोपी पुलिस सब इंस्पेक्टर की गिरफ्तारी नहीं होने पर दी आमरण अनशन की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



**भिवानी।** लघु सचिवालय परिसर के बाहर जिला पुलिस प्रशासन का पुतला फूंकते जन न्याय मोर्चा के सदस्य।

जन न्याय मोर्चा ने सरकारी स्कूल की 12वीं कक्षा की दुष्कर्म पीड़ित छात्रा को न्याय मिलने की देरी से आक्रोशित होकर शहर में प्रदर्शन किया और लघु सचिवालय परिसर के बाहर जिला पुलिस प्रशासन का पूतला फूंककर रोष जताया। इस मौके पर उपस्थित जन न्याय मोर्चा नेताओं राजेद्र तेवर, शिवकुमार प्रजापति, रामसिंह वर्मा व सुखदेव सिंह ने कहा कि 23 दिन के बाद भी जिला पुलिस प्रशासन आरोपी पुलिस सब इंस्पेक्टर के विरुद्ध कार्यवाही नहीं कर रहा और पीड़ित छात्रा के सगे चाचा के विरुद्ध दर्ज की गई झूठी प्राथमिकी को भी रद नहीं कर रहा है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पुलिस प्रशासन मामले में घोर लापरवाही कर रहा है। उन्होंने कहा कि जब पुलिस सब इंस्पेक्टर अपराधिक कृत्य करता है तो उसे कैसे बचाया जा सकता है। पीड़ित छात्रा ने मजिस्ट्रेट के सामने अपने उपर हुए अत्याचार के ब्यान दे दिए हैं, तो पुलिस आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही करने से क्यों बच रही है। उन्होंने कहा कि तीन दिन के अन्दर आरोपी पुलिस सब इंस्पेक्टर को गिरफ्तार नहीं किया और पीड़ित पक्ष के विरुद्ध दर्ज झूठा मुकदमा रद नहीं किया तो आन्दोलन तेज किया जाएगा।







